षोडश

बिहार विधान सभा

पंचदश सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार, तिथि $\frac{\text{26 फाल्गुन, 1941 (श०)}}{\text{16 मार्च, 2020 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 01

(1)	वाणिज्य-कर विभाग	01
	कुल योग --	01

गबन की जाँच

22. <u>श्री ललित कुमार यादव</u>--दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 6 दिसम्बर, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''28 व्यावसायिक केन्द्रों में मिला G.S.T. की गड़बड़ी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के विभिन्न जिलों में वाणिज्य-कर विभाग की जाँच अभियान में 28 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की G.S.T. में गड़बड़ी सामने आई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में विगत वर्ष से होल सेल एजेंसी से लेकर सुपर मार्केट और रेस्तराओं के द्वारा G.S.T. नहीं जमाकर सरकारी राशि का गबन हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार की सरकारी राशि गबन के प्रति इस शिथिलता का क्या औचित्य है ?

पटना :
दिनांक 16 मार्च, 2020 (ई0) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0, 168 (एल0ए0), 2019-20-डी0टी0पी0-550